Bareilly, Sunday,
25 August 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext



# टेबिल टेनिस टूर्नामेंट में गाजियाबाद का दबदबा

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (24 Aug):** श्री राममूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी में चल रही 11वां श्रीराम मूर्ति मेमोरियल व सेकेंड यूपी स्टेट रैंकिंग टेबिल टेनिस टूर्नामेंट में शनिवार को 12 वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले गए. इसमें गाजियाबाद के खिलाड़ियों का दबदबा रहा. इस टूर्नामेंट प्रदेश के 28 जिलों से करीब 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया.



विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए गए.

## विजेताओं को प्रमाण पत्र दिए

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी के परिसर में टेबिल टेनिस के फाइनल मुकाबले में गाजियाबाद की अंकिता गुप्ता ने महिला वर्ग और लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव पुरुष वर्ग में खिताब जीता. टेबिल टेनिस के फाइनल मुकाबले में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को हराकर पिछली बार फाइनल में हार का बदला लिया. गाजियाबाद की सुहानी महाजन और लखनऊ के लक्ष्य कुमार को दोहरा खिताब हासिल हुआ. सुहानी ने यूथ बालिका अंडर-19 और जूनियर बालिका अंडर-17 का खिताब अपने नाम किया. सुहानी ने महिला वर्ग में भी हिस्सा लिया, लेकिन वह सेमीफाइनल में अंकिता गुप्ता से हार गई. पिछले वर्ष सुहानी ने तीन वर्गों महिला वर्ग, जूनियर बालिका-अंडर 19 और बालिका- अंडर 17 खिताब हासिल किया था. लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने भी बालक अंडर-13 वर्ग और होप्स बालक अंडर-13 वर्ग में दोहरा खिताब अपने नाम किया. चार दिवसीय सेकेंड यूपी स्टेट रैंकिंग टेबिल टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दिन मास्टर्स को छोड़कर सभी मुकाबले संपन्न हुए. यूपीटीटीए के अध्यक्ष संजीव पाठक, यूपीटीटीए के पूर्व महासचिव अरुण बनर्जी, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, अंतरराष्ट्रीय ब्लू बैज अंपायर बने अमित सिंह, बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कामथान, सुभाष मेहरा, डीन डा प्रभाकर गुप्ता, डा. सोवन मोहंती ने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफियां और प्रमाण पत्र दिए. टूर्नामेंट में पहली बार शामिल मास्टर्स कैटेगरी के फाइनल मैच रविवार को होंगे. 39 वर्ष से अधिक आयु के वेटर्न पुरुष और महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगे.